दिन–शुक्रवार दिनांक– 01 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि 05 मिनट

---

राज्य में जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत चल रही स्वगणना का आज अंतिम दिन है। इसके तहत नागरिक स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाईन दर्ज कर सकते हैं। कल से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम शुरू होगा। इसके तहत प्रगणक घर–घर जाकर नागरिकों से जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

———————————————————

आज बुद्ध पूर्णिमा है। आज के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस अवसर पर बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा चालीस से अधिक देशों के लगभग दस हजार श्रद्धालु और बौद्ध भिक्षु महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महाबोधि मंदिर कॉरिडोर और विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद जीतन राम मांझी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में बौद्ध भिक्षुओं के साथ पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

———————————————————

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। श्रमिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने श्रमिक भाईयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में विभिन्न मजदूर संगठनों की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पटना, गोपालगंज, दरभंगा, सारण और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा जिले के रजौली में सबसे अधिक अट्ठावन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना है। अररिया, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सुपौल और सीतामढ़ी समेत सत्रह जिलों में कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी के साथ भारी से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना के एक अणे मार्ग से सात–सर्कुलर रोड वाले आवास में शिफ्ट हो गए हैं। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें नया आवास आवंटित किया गया था।

———————————————————

औरंगाबाद जिले के बारून थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में एक तेज रफ्तार मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में गिर गयी। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और गांजा भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी पंचायत में एक तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।